Need to increase frequency of Train No. 20503/04 (New Delhi-Dibrugarh) and run the train via Gorakhpur ? laid

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मैं भारत सरकार से माँग करता हूँ कि रेलगाड़ी संख्या 20503/04 जो नई दिल्ली से डिब्रूगढ़ तक वाया बलिया होकर प्रतिदिन जाती है उसे 4 दिन वाया गोरखपुर होकर चलाया जाय ताकि गोरखपुर के यात्रियों को राजधानी एक्सप्रेस की सुविधा मिल सके । गोरखपुर पूर्वांचल जो सबसे बड़ा महानगर है जिस पर आस पास के बीस जनपद अपनी विभिन्न ज़रूरतों के लिये निर्भर हैं जिसमें रेल यातायात भी अत्यंत महत्वपूर्ण है । इस रेलगाड़ी के गोरखपुर से होकर जाने से वहाँ के लाखों लोगों को दिल्ली जाने के लिए तेज गति से चलने वाली रेलगाड़ी की सुविधा मिलेगी । धन्यवाद।